विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अख़बार

दैनिक जागरण

कोरिया को बेची परमाणु बम तकनीक : खान 20 एशियाई एथलेटिक्स में मयूखा ने दिलाया पहला स्वर्ण 18

15| 05/2012

एसआरएमएस में इंसपायर इंटर्नशिप की शुरुआत हुई।

सक्षम बनने के लिए जरूरी है शोध को बढ़ावा

• एसआरएमएस पहुंचे प्रो.कृपाशंकर

बरेली, जागरण संवाददाता : गौतमबुद्ध प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो.कृपाशंकर ने कहा कि शोध का बड़ा महत्व है क्योंकि इससे विकास की व्यापक संभावनाएं रहती हैं। यदि हम देश में ही बेहतर शोध विकसित करें तो खुद ही टेक्नोलॉजी के मामले में इतने सक्षम हो सकेंगे कि दूसरे देशों का मुंह न ताकना पड़ेगा। प्रतिभाओं का पलायन भी रुकना चाहिए, यह जरूरी है।

वह श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पांच दिवसीय इंसपायर इंटर्नशिप- 2012 समारोह के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। प्रो. कृपा शंकर ने कहा कि कई बार विज्ञान के छोटे से सिद्धांत विकसित करने में शोधकर्ताओं की पुश्तें लग जाती हैं और कभी-कभी तो सदियां गुजर जाती हैं।

समारोह का शुभारंभ एसआरएमएस के चेयरमैन देवमूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति एवं प्रो.एसपी गुप्ता ने किया। आयोजक समन्वयक इंजीनियर रतीश अग्रवाल ने बताया कि देश के एक प्रतिशत बच्चे जो शिक्षा में सबसे ऊपर हैं लेकिन यह प्रतिभाएं शोध की ओर ध्यान नहीं देती, भारत सरकार ने ऐसी प्रतिभाओं में शोध की अभिरुचि विकसित करने के लिए इन्सपायर इन्टर्नशिप कार्यक्रम संचालित किया है। डॉ. प्रभाकर गुप्ता, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, सीइटी प्राचार्य प्रो.टीडी बिष्ट, आइआटी कानपुर के प्रो.एसके डोगरा, सचिन अग्रवाल, डॉ.मुस्तकीम अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे।